हरिभूमि
हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 13 फरवरी 2026

11 वेदों की ओर लौटो का दिव्य संदेश देकर सोई हुई...

12 शहर की पांच कॉलोनियों पर पीला पंजा चला हटाए कब्जे

खबर संक्षेप

कैबिनेट मंत्री आज देंगे लाभार्थियों को चेक

हिसार। हरियाणा के लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा शुक्रवार को स्थानीय लोक निर्माण विश्राम गृह में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लाभार्थियों को चेक वितरित करेंगे। विभाग की ओर से सुबह 10 बजे चेक वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। वे सुबह 11 बजे बरवाला के राजकीय महाविद्यालय में होने वाले कल्चरल फेस्ट में शिरकत करेंगे। वे दोपहर को बरवाला के ही स्वामी रामदेव वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के वार्षिकोत्सव में भाग लेंगे। 14 फरवरी शनिवार को वे सुबह 11 बजे सिरसा रोड पर ट्रैक्टर ट्रेनिंग सेंटर में आयोजित होने वाले कृषि मेले में शिरकत करेंगे। इसके उपरांत बाद दोपहर बाद आदमपुर के रेलवे स्टेशन पर गोरखधाम एक्सप्रेस के ठहराव उपरांत हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

बैठक में की 'दयालु-2' की प्रगति की समीक्षा

हिसार। हरियाणा सरकार की महत्वाकांक्षी दयालु-2 योजना की प्रगति की समीक्षा को लेकर उपायुक्त महेंद्र पाल ने वीरवार को विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में योजना के तहत अब तक प्राप्त हुए आवेदनों की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजना के अंतर्गत प्राप्त पात्र आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निरीक्षण किया जाए तथा लंबित मामलों का शीघ्र निपटान सुनिश्चित किया जाए।

सूर्य नमस्कार अभियान के तहत लगाया योग सत्र

हिसार। न्यू लाहोरिया विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में सूर्य नमस्कार अभियान के तहत योग सत्र लगाया। आयुष विभाग की ओर से सुनील माकड़ ने विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया। योग सत्र अत्यंत उत्साह, अनुशासन व सकारात्मक ऊर्जा के वातावरण में हुआ, जिसमें विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। योग सत्र के दौरान विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार की सही विधि, श्वसन प्रक्रिया तथा इसके विभिन्न स्वास्थ्य लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई।

मुनि श्री 108 विशद सागर जी का हिसार में प्रवेश आज

हिसार। परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज जी के परम प्रभावक सुशिष्य मुनि श्री 108 विशद सागर जी महाराज, मुनि श्री 108 शिवसागर जी महाराज तथा एलक श्री 108 वैराग्यसागर जी महाराज का हिसार की धर्मनगरी में पावन आगमन होने जा रहा है। मुनि संघ का 14 फरवरी को हिसार में मंगल प्रवेश प्रस्तावित है। श्री दिगंबर जैन पंचायत के अध्यक्ष नवीन जैन ने बताया कि काफी समय के अंतराल के बाद हिसार में दिगंबर मुनि संघ का आगमन हो रहा है, जिससे समाज में विशेष हर्ष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि समाज के लोग श्रद्धा और भक्ति भाव से मुनि संघ की आगवानी की तैयारियों में जुटे हुए हैं।

हिसार में नगर निगम और जनस्वास्थ्य विभाग को छोड़कर हड़ताल बेअसर, हांसी में रहा मिला-जुला असर

कर्मचारियों ने नहीं की सफाई पुराने शहर में जलापूर्ति रही ठप

- नगर निगम कार्यालयों की कई शाखाओं पर लटके रहे ताले
- परिवहन सेवाएं रहीं सुचारू
- हड़ताली संगठनों ने किया सफलता का दावा, प्रशासन ने बताया बेअसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

विभिन्न ट्रेड यूनियनों एवं कर्मचारी संगठनों के आह्वान पर की गई देशव्यापी हड़ताल का जिले में विभिन्न सेवाओं पर मिला जुला असर रहा। पेयजल सप्लाई इस दौरान बाधित रही वहीं नगर निगम में भी सेवाएं लगभग बंद रही। सफाई कर्मचारियों ने शहर में सफाई नहीं की। राज्य परिवहन की सेवाओं पर कोई असर नहीं पड़ा और बसें आम दिनों की तरह सरपट दौड़ती देखी गई। हालांकि कर्मचारी संगठनों ने हड़ताल के पूरी तरह कामयाब होने का दावा किया है वहीं विभिन्न विभागों में चल रहे कार्यों को देखते हुए हड़ताल केवल कुछ विभागों में आंशिक सफल कही जा सकती है।

विभिन्न ट्रेड यूनियनों व कर्मचारी संगठनों ने गुरुवार को देशव्यापी हड़ताल का ऐलान किया था। इसके लिए पिछले कई दिनों से विभागों में गेट मीटिंगें करके कर्मचारियों को तैयार किया जा रहा था। हड़ताली संगठनों ने केन्द्र सरकार पर कर्मचारी विरोधी नीतियां अपनाने के साथ लैबर कोड में बदलाव करके मजदूर विरोधी निर्णय लेने के आरोप लगाते हुए दावा किया था कि यह हड़ताल ऐतिहासिक होगी।



हिसार। मुख्य बस स्टैंड पर सवारियां भरती रोडवेज बसें व नगर निगम की टैक्स ब्रांच में पसरा सन्नाटा।

निगम में काम के लिए आए लोग बैरंग लौटे

सभी हड़ताली संगठन विभिन्न क्षेत्रों से प्रदर्शन करते हुए मधुबन पार्क पहुंचे और वहां से प्रदर्शन करके रोडवेज परिसर पहुंचे। यहां पर संगठनों ने जमकर नारेबाजी की। हड़ताल के चलते कई क्षेत्रों में सुबह व शाम की पेयजल सप्लाई बाधित रही। इसी तरह नगर निगम में कर्मचारियों ने हड़ताल रखी और मुख्य गेट पर ही तालाबंदी कर दी। निगम कार्यालय में कई शाखाओं पर सुबह से ही ताले नहीं खुले। अधिकारियों को भी बाहर से पैदल अपने कार्यालय तक आना पड़ा। इसके अलावा निगम में अपने कार्यों के लिए आए लोगों को बैरंग लौटाना पड़ा। इसी तरह जिले के नागरिक अस्पताल में भी कामकाज सुचारू रहा। उधर, केंद्र सरकार द्वारा लाए जा रहे चार श्रम कानूनों के विरोध में राष्ट्रव्यापी हड़ताल के समर्थन में ऑल इंडिया बैंक इम्पलाइज एसोसिएशन (एआईबीईए) भी हड़ताल पर रही।

जनविरोधी नीतियां वापस लेने की मांग उठाई

देशव्यापी हड़ताल की कड़ी में रोडवेज में कर्मचारियों ने प्रदर्शन करके नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने केन्द्र व प्रदेश सरकार से कर्मचारी व मजदूर विरोधी नीतियां वापिस लेने की मांग की। प्रदर्शन में मुख्य रूप से राजबीर दुहन, नरेन्द्र सोनी, जोगेन्द्र पंघाल, जितेन्द्र शर्मा, मनजीत सोरखी हांसी, संदीप जैनावास, अजय दुहन, शिव कुमार श्योराण, राजकुमार चौहान, दर्शन जागडा, प्रदीप डाबडा, कर्मबीर मसूदपुर, रमेश यादव, अनूप सातरोड, रोशनलाल, सुरेश मलिक सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए।

शहर में कर्मचारी और मजदूरों का प्रदर्शन

राष्ट्रव्यापी हड़ताल के चलते विभिन्न कर्मचारी संगठनों से जुड़े कर्मचारियों, शिक्षकों, मजदूरों और किसानों ने मधुबन पार्क में एकत्रित होकर शहर में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता संयुक्त रूप से सीटू के जिला प्रधान सुरेश कुमार, इंटक के धर्मवीर, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ब्लॉक हिसार के प्रधान राजेश बागड़ी, रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रधान मनोहर लाल जाखड़ तथा एआईयूटीयूसी खुशीराम ने किया। संचालन संयुक्त रूप से सीटू के जिला सचिव मनोज कुमार व सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के सह सचिव विनोद प्रभाकर ने किया। प्रदर्शन में शामिल सभी वक्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी की जन विरोधी नीतियों का खुलासा किया।

डीसी ने कार्यालयों का दौरा कर देखी व्यवस्था

विभिन्न ट्रेड यूनियनों द्वारा 12 फरवरी के हड़ताल के आह्वान के मद्देनजर उपायुक्त महेंद्र पाल ने वीरवार को रोडवेज परिसर सहित अन्य कार्यालयों का दौरा कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। रोडवेज कार्यालय परिसर में उपायुक्त ने महाप्रबंधक राहुल मित्तल एवं अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर बस सेवाओं के संचालन की विस्तृत जानकारी ली। अधिकारियों ने उन्हें अवगत कराया कि हिसार रोडवेज डिपो से अन्य दिनों की भांति बस सेवाएं सुचारू रूप से संचालित की गई हैं। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि जनसेवा से जुड़े सभी विभाग अपने-अपने स्तर पर आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करें, ताकि नागरिकों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

नारनौंद। भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन करते ट्रेड यूनियन के कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

हांसी में बिजली और रोडवेज कर्मियों ने 2 घंटे प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

विभिन्न ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर गुरुवार को हुई राष्ट्रव्यापी हड़ताल का शहर में मिला-जुला असर देखने को मिला। हड़ताल के समर्थन में कर्मचारियों ने शहर और बस स्टैंड पर सरकार के खिलाफ दो घंटे तक प्रदर्शन किया। प्रदेश भर के बस स्टैंडों पर धारा 163 लागू होने के बावजूद रोडवेज कर्मचारियों ने बस स्टैंड परिसर में दो घंटे की हड़ताल कर नारेबाजी की। हालांकि बसों की आवाजाही पर कोई विशेष असर नहीं पड़ा और परिवहन व्यवस्था सामान्य रही। केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच, स्वतंत्र कर्मचारी फेडरेशनों और संयुक्त किसान मोर्चा के समर्थन से आयोजित इस हड़ताल में विभिन्न विभागों के कर्मचारी, मजदूर और स्कीम वर्कर जैसे आशा, आंगनवाड़ी व मिड-डे मील कर्मी बड़ी संख्या में स्थानीय लेबर शेड में एकत्र हुए और शहर में प्रदर्शन किया। सर्व कर्मचारी संघ, रिटायर्ड कर्मचारी संघ, सीटू, इंटक, एटक, एआईयूटीयूसी व आंगनवाड़ी सहित अन्य संगठनों के सदस्य सदर थाना के पास मजदूर शेड में जुटे। यहां से एआईयूटीयूसी के ब्लॉक प्रधान विजेंद्र जीतपुरा, इंटक के रोहित नैन, सीआईटीयू के महेंद्र सिंह और सर्व कर्मचारी संघ के ब्लॉक प्रधान रविंद्र शर्मा के नेतृत्व में जुलूस निकाला गया। सभा का संचालन ब्लॉक सचिव सोमबीर मोर ने किया। सभा में विभिन्न यूनियन नेताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना की। इंस्पेक्टर सदानंद ने बताया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था।

कर्मचारी संगठनों ने दिया अल्टीमेटम

नारनौंद। नारनौंद में केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और स्वतंत्र कर्मचारी फेडरेशनों के आह्वान पर गुरुवार को अनाज मंडी में कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। संयुक्त किसान मोर्चा समर्थित यूनियनों के इस प्रदर्शन में आंगनबाड़ी, आशा वर्कर, मिड डे मील कर्मी, मनरेगा मजदूर, सफाई कर्मचारी और भवन निर्माण मजदूर बड़ी संख्या में शामिल हुए। प्रदर्शन की अध्यक्षता सर्व कर्मचारी संघ के ब्लॉक प्रधान मास्टर योगेंद्र माजरा और इंटक राज्य महामंत्री धर्मवीर लोहान ने की, जबकि संचालन जसवीर श्योकंद ने किया। वक्ताओं ने सरकार को मांगें न मानने पर आंदोलन तेज करने का अल्टीमेटम दिया। कई कर्मचारी और किसान नेता मौजूद रहे। इस अवसर पर सकसं के राज्य कोषाध्यक्ष सुरेंद्र यादव, किसान नेता सिल्लू लोहान, नरेश कुमार राजपाल, संजय गौतम, रामदिया शर्मा आदि थे।

सभी 183 बसें चलाईं: नेहरा

रोडवेज डीआई आत्माराम नेहरा ने बताया कि विभाग की सभी बस सेवाएं आम दिनों की तरह सुचारू रूप से चली। उन्होंने बताया कि महाप्रबंधक राहुल मित्तल व यातायात प्रबंधक प्रीतम कुमार सिवाच के निर्देशानुसार ऐसी व्यवस्था की गई कि कहीं कोई व्यवधान न आए। डिपो की सभी 183 बसें विभिन्न रूटों पर सही ढंग से चली जिस वजह से यात्रियों को कोई परेशानी नहीं हुई।

ट्रेड डील के खिलाफ सड़क पर उतरी कांग्रेस

हिसार। केंद्र सरकार की नीतियों एवं अमेरिका के साथ की जा रही ट्रेड डील के विरोध में आयोजित राष्ट्रव्यापी हड़ताल को जिला कांग्रेस कमेटी हिसार ने पूर्ण समर्थन दिया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी व हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष बृज लाल बहबलपुरिया के नेतृत्व में मधुबन पार्क में कांग्रेसजनों ने एकजुट होकर हड़ताल के समर्थन में अपनी भागीदारी दर्ज करवाई।जिला अध्यक्ष बृज लाल बहबलपुरिया ने कहा कि केंद्र सरकार की जनविरोधी आर्थिक नीतियों और अमेरिका के साथ की जा रही ट्रेड डील से किसानों, मजदूरों, छोटे व्यापारियों और कर्मचारियों के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है।

ऋषि नगर में महिला ने जहर का इंजेक्शन देकर की कपड़ा व्यापारी की हत्या, होटल में मिला शव

- मृतक प्रदीप के चचेरे भाई वीरेंद्र की शिकायत पर केस दर्ज
- एसपी के आश्वासन पर अंतिम संस्कार को माने परिजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

शहर थाना क्षेत्र के ऋषि नगर में किसी महिला के साथ आए कपड़ा व्यापारी प्रदीप का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मौके से महिला के गायब होने से मामला संदिग्ध हो गया। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में लाया गया, जहां गुरुवार सुबह मृतक प्रदीप के परिजनों ने शव लेने से इंकार कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदीप के साथ होटल आई महिला प्रतिभा ने उसे जहर का इंजेक्शन दिया है, जिससे उसकी मौत हो गई। जब तक आरोपित महिला प्रतिभा की गिरफ्तारी नहीं होती वे शव नहीं उठाएंगे। दिनभर परिजनों को मनाने का प्रयास चलता रहा। डीएसपी श्रद्धा ने परिजनों को आरोपित महिला को जल्द गिरफ्तार करने का भरोसा दिया, लेकिन वे नहीं माने। दोपहर बाद परिजनों का एक प्रतिनिधिमंडल एसपी से मिला और उनके आश्वासन पर प्रदीप के शव को उठाने के लिए राजी हो गए। उधर, पुलिस ने इस मामले में मृतक के चचेरे भाई वीरेंद्र की शिकायत पर महिला प्रतिभा के खिलाफ हत्या और जहर देने का केस दर्ज कर लिया है। इसके अलावा पुलिस मृतक के पोस्टमार्टम के बाद प्रदीप के शरीर के अंदर मिले केमिकल और विसरा को जांच के लिए लैब में भेजेगी। रिपोर्ट आने के बाद ही कपड़ा व्यापारी के मौत के कारण का खुलासा हो पाएगा।

शहर पुलिस को दर्ज करवाई शिकायत के अनुसार 11 फरवरी की दोपहर लगभग साढ़े तीन बजे गांव कालीरावण निवासी कपड़ा व्यापारी प्रदीप एक महिला प्रतिभा के साथ ऋषि नगर की गली नंबर-1 स्थित एक होटल में पहुंचा था। दोनों ने होटल का कमरा नंबर 203 लिया। होटल संचालक के अनुसार साथ आई महिला लगभग एक घंटे बाद कमरे से निकल गई थी। प्रदीप का मोबाइल फोन काउंटर पर ही चार्जिंग पर लगा हुआ था। इस दौरान उसके फोन पर लगातार कॉल आ रही थीं। कर्मचारी जब मोबाइल देने के लिए कमरे में पहुंचा तो देखा कि प्रदीप बेड पर संदिग्ध हालत में पड़ा है। तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं, लेकिन महिला जा चुकी थी, जिससे उस पर संदेह गहरा गया। इसके बाद होटल कर्मी ने शाम करीब पांच बजे पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने पर शहर थाना पुलिस के एसआई संजीत सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे। सीन ऑफ क्राइम टीम ने भी जांच की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की उठाई मांग

परिजनों की शिकायत के अनुसार प्रदीप अपनी महिला मित्र के साथ होटल आया था, जिस पर जहर देकर हत्या करने का शक है। शिकायतकर्ता मृतक के ताऊ के बेटे वीरेन्द्र ने अपने बयान में आरोप लगाया है कि महिला ने ही प्रदीप को कोई जहरीला पदार्थ खिलाया या फिर जहरीला इंजेक्शन लगाकर उसकी हत्या की है। उन्होंने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। परिजनों के अनुसार प्रदीप के पिता का एक वर्ष पहले कैंसर से निधन हो गया था। परिवार की जिम्मेदारी उसी के कंधों पर थी। वह घर का इकलौता कमाने वाला था। उसकी शादी के बाद तीन बेटियां हैं। सबसे बड़ी 8 साल, दूसरी 5 साल और सबसे छोटी 1 साल की है। अब अचानक हुई इस घटना से परिवार में मातम है।

हादसे में बच्चे की मौत के मामले में आरोपी कार चालक पकड़ा

आदमपुर। आदमपुर खंड कार्यालय के पास शनिवार सात फरवरी को कार की टक्कर से करीब 10 वर्षीय बच्चे की हुई मौत के मामले में आदमपुर पुलिस ने गुत्थी सुलझाते हुए आरोपित चालक को कार सहित गिरफ्तार किया है। आरोपित चालक की पहचान गांव निवासी कालीरावण निवासी राजेश के रूप में हुई है। मामले की जानकारी देते हुए आदमपुर थाना प्रभारी निरीक्षक विकास कुमार ने बताया कि आरोपित चालक गांव कालीरावण निवासी राजेश है जो आदमपुर से वापस अपने गांव जा रहा था। जब वह खंड कार्यालय के पास पहुंचा तो 10 वर्षीय सौरव को टक्कर मारकर फरार हो गया। राहगीरों ने घायल बच्चे को आदमपुर के नागरिक अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। घटना के बाद आदमपुर पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो की फुटेज खंगालनी शुरू की। फुटेज में गांव कालीरावण निवासी राजेश की कार दो दफा घटनास्थल से आती-जाती दिखाई दी। कार के आने-जाने का समय और हादसे का समय मिलान करने के बाद पुलिस ने कार और आरोपित चालक का पता लगा लिया। गुरुवार को आरोपित राजेश को कार सहित गिरफ्तार कर लिया। बच्चे की मौत के बाद रविवार को पोस्टमार्टम करवाने के बाद स्वजनों ने आरोपित वाहन चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर शव को रोड पर रखकर जाम लगा दिया था। परिजनों ने आदमपुर पुलिस पर कार्रवाई न करने के आरोप भी लगाए थे। पुलिस को दिए ब्यान में बिहार के सीतामढ़ी जिले के गांव समढी हाल किरायेदार नजदीक खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय निवासी रंजु पटेल ने बताया था कि वह दिहाड़ी मजदूरी का कार्य करती है। उसका बड़ा बेटा करीब 10 वर्षीय सौरव शनिवार रात करीब साढ़े सात बजे दूध लेने के लिए घर से निकला था। सौरव जब बीडीपीओ कार्यालय की ओर सडक पर पैदल जा रहा था उसी दौरान अज्ञात वाहन चालक ने उसे टक्कर मार दी। जिससे सौरव की मौत हो गई थी।

धोखाधड़ी की रकम अपने खाते में जमा करवाने का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

पुलिस ने सस्ता फीड सप्लीमेंट उपलब्ध करवाने के नाम पर 1.5 लाख रुपये की ठगी के रुपये अपने खाते में जमा करवाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के फतेहपुर निवासी श्यामुपाल के रूप में हुई है। आरोपी ने धोखाधड़ी के रुपये जमा करवाने के लिए अपना बैंक खाता उपलब्ध करवाया था।

साइबर थाना में तैनात एसआई प्रेम कुमार ने बताया कि शहर में फीड सप्लीमेंट का निर्माण करने वाले एक व्यक्ति ने 22 अक्टूबर को साइबर थाना हांसी में एक लिखित शिकायत दी थी कि उसका फीड सप्लीमेंट मैन्युफैक्चरिंग प्लांट है। और उसने फेसबुक पर सस्ता फीड सप्लीमेंट सप्लाई से संबंधित एक विज्ञापन देखा था। विज्ञापन में दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क करने पर सप्लीमेंट भेजने की बात हुई। लेकिन आरोपी ने आधी राशि अग्रिम भुगतान के रूप में भेजने की शर्त रखी। शिकायतकर्ता ने आरोपी के झांसे में आकर 1.50 लाख रुपये अग्रिम ट्रांसफर कर दिए। भुगतान करने के बाद जब सामान प्राप्त नहीं हुआ तो शिकायतकर्ता ने दिए गए नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन मोबाइल नंबर बंद मिला। जिसके बाद स्वयं के साथ ठगी होने का अहसास हुआ पर उसने साइबर थाना हांसी में शिकायत दर्ज करवाई। जांच अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण एवं बैंक खातों की जांच की गई संबंधित बैंक खात धारक श्यामुपाल को गिरफ्तार कर पूछताछ के उपरांत उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। इस प्रकरण में 3 आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है।

निरीक्षण डीसी महेंद्र पाल ने जिले के जलघरों में पेयजल व स्वच्छता की स्थिति का लिया जायजा

जलघर में गंदगी देख बोले डीसी- ये क्या हाल बना रखा है!

- जलघर टैंक की खराब स्थिति पर जताई चिंता, अधिकारियों को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

उपायुक्त महेंद्र पाल ने गुरुवार को हिसार शहर के प्रमुख जलघरों का निरीक्षण कर पेयजल व्यवस्था एवं स्वच्छता की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान महावीर कॉलोनी स्थित जलघर परिसर में फैली गंदगी को देखकर डीसी का पारा 7वें आसमान पर चढ़ गया।

डीसी ने मौके पर मौजूद संबंधित विभाग के अधिकारियों की खिंचाई करते हुए कहा कि यह क्या हाल बना रखा है। स्वच्छता के मामले में अनदेखी बर्दाश्त नहीं होगी। जलघर परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएं। इससे पूर्व गुरुवार को शहर के प्रमुख जलघरों का निरीक्षण के दौरान सबसे पहले डीसी महेंद्र पाल महावीर कॉलोनी स्थित जलघर पहुंचे। जलघर के टैंक की खराब स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए उपायुक्त ने अधिकारियों को शीघ्र मरम्मत कार्य प्रारंभ करवाने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। परिसर में फैली गंदगी पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने स्पष्ट कहा कि स्वच्छता कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए तथा नियमित साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था की जाए।

हिसार। महावीर कॉलोनी स्थित जलघर का निरीक्षण करते उपायुक्त महेंद्र पाल।

लापरवाही न बरतने की हिदायत दी

उपायुक्त महेंद्र पाल ने हवाई अड्डा चौक के समीप स्थित जलघर तथा सिरसा रोड पर बने जलघर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जल आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने, स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने कहा कि पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।

सप्लाई होने वाले पानी के टीडीएस समेत अन्य गुणवत्ता मानकों की समय-समय जांच के निर्देश

उपायुक्त महेंद्र पाल ने निर्देश दिए कि जलघर से सप्लाई होने वाले पानी की गुणवत्ता की नियमित रूप से जांच की जाए। उन्होंने विशेष रूप से फिल्ट्रेशन प्रक्रिया के उपरांत पानी के टीडीएस सहित अन्य गुणवत्ता मानकों की समय-समय पर जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके।

भकलाना मर्डर केस में आरोपी गिरफ्तार

- लड़ाई में हुए घायल राजेश ने उपचार के दौरान तोड़ा था दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

भकलाना गांव में दो युवकों के बीच झगड़े में एक की मौत होने के मामले के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान वारदात में प्रयोग किया गया नुकीला पत्थर बरामद किया जाएगा। इसके अलावा हत्या के कारणों का पता लगाया जाएगा।

पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को दबोच लिया। बता दें कि गांव भकलाना में 10 फरवरी को राजेश उर्फ राजू ओर अमन उर्फ निक्का में झगड़ा हो गया था। जिसमें राजेश के सिर पर गंभीर चोटें लगी हुई थी। इलाज के दौरान उसने दमतोड़ दिया।

पुलिस ने अमन उर्फ निक्का पर हत्या का मामला दर्ज करके उसकी तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस के अनुसार आरोपी जींद-मुंढाल सड़क मार्ग पर भकलाना मोड़ पर भागने की फिराक में किसी वाहन का इंतजार कर रहा था। पुलिस को भनक लग गई तुरंत प्रभाव से थाना प्रभारी बलवान सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे ओर उसको चारों तरफ से घेर लिया। उसने भागने की कोशिश की लेकिन पुलिस की घेराबंदी के कारण वह पकड़ा गया।

यूं दिया था वारदात को अंजाम

गांव भकलाना निवासी कमल ने बताया था कि उसका छोटा भाई 45 वर्षीय राजेश उर्फ राजू मंगलवार की रात को मोहल्ला रोड स्थित पशु अस्पताल के पास घायल अवस्था में मिला था।गांव के ही अमन उर्फ निक्का ने पत्थरनुमा खंभे से राजेश के सिर और चेहरे पर कई वार किए थे। बीच-बचाव करने वाले एक युवक पर भी आरोपित ने गाली-गलौज व धक्का-मुक्की कर जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गया था। घायल राजेश को अस्पताल में लेकर गए तो उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी।

स्पेशल: वर्ल्ड रेडियो-डे

ज्ञान-विज्ञान-मनोरंजन का खजाना

रेडियो का सफर है बहुत सुहाना

बच्चो, एक समय था, जब घर-घर में लोग रेडियो सुनते थे। रेडियो के माध्यम से देश-विदेश के समाचार मिलते थे। ज्ञान-विज्ञान का खजाना होता था रेडियो। मनोरंजन का एक बहुत बड़ा साधन था रेडियो। आज भी लोग रेडियो सुनते हैं, इसका अपना एक अलग महत्व है। रेडियो की शुरुआत कैसे हुई, तुम्हारे लिए इससे जुड़ी कुछ जानकारियां।

जानकारी

शिखर चंद जैन

बच्चो, तुमने घर में अपने दादा जी को बड़े ध्यान से रेडियो सुनते देखा होगा। यही नहीं तुम भी कार या कैब में एफएम रेडियो पर सुरीले गीत और मनोरंजक कार्यक्रम सुनते होगे। तुम्हारे मन में कभी-कभी यह सवाल आता होगा, रेडियो की शुरुआत कैसे और कब हुई? यह कैसे इतना लोकप्रिय हो गया? आज विश्व रेडियो दिवस (13 फरवरी) के अवसर पर जानो, रेडियो से जुड़ी कुछ रोचक बातें।

संचार का सशक्त माध्यम: बच्चो, रेडियो सिर्फ एक मशीन नहीं, बल्कि एक ऐसा दोस्त है, जो बिना चेहरा दिखाए हमें दुनिया से जोड़े रखता है। हर साल 13 फरवरी को दुनिया भर में विश्व रेडियो दिवस मनाया जाता है, ताकि संचार के इस पुराने सशक्त माध्यम के महत्व को समझा और सराहा जा सके।

स्वतंत्रता आंदोलन का साथी रेडियो: बच्चो, भारत की आजादी की लड़ाई में रेडियो का बड़ा योगदान रहा है। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान रेडियो ने स्वतंत्रता सेनानियों के संदेश प्रसारित कर आम नागरिकों को जागरूक किया था। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में उषा मेहता के 'कांग्रेस रेडियो' और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के 'आजाद हिंद रेडियो' जैसे प्रयासों ने जन-जागरण में अहम भूमिका निभाई थी। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने जर्मनी से और बाद में सिंगापुर/रंगून से रेडियो के जरिए ही देशवासियों को आजादी की लड़ाई के लिए प्रेरित किया, साथ ही स्वतंत्रता संघर्ष को नई दिशा दी। रेडियो ने गांवों तक आजादी के संघर्ष की खबरें पहुंचाईं, जिससे देश भर में एकजुटता बढ़ी। बच्चो, जरा सोचो रेडियो बिना लाखों लोगों तक हमारे स्वतंत्रता सेनानियों की आवाज भला कैसे पहुंचती?

ज्ञान के प्रसार में सहायक: आजादी के बाद रेडियो ने साक्षरता, स्वास्थ्य, जागरूकता और कृषि ज्ञान के प्रसार में बड़ी भूमिका निभाई। यह दूर-दराज के गांवों, पहाड़ी इलाकों और रेगिस्तानी क्षेत्रों में भी स्थानीय भाषाओं में समाचार और मनोरंजन प्रसारित करने वाला सबसे प्रभावी माध्यम बना। स्वतंत्रता की घोषणा से लेकर, महात्मा गांधी, पंडित नेहरू के भाषण और ऐतिहासिक पलों की कमेंट्री रेडियो ने ही घर-घर में पहुंचायी।

संकटमोचन की भूमिका में रेडियो: बच्चो, प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाढ़, चक्रवात आदि के समय जब अन्य संचार साधन ठप हो जाते हैं, तब रेडियो ही दूर-दराज में रहने वाले देशवासियों को जरूरी सूचनाएं देता है। वर्तमान समय में आकाशवाणी और एफएम चैनलों के माध्यम से प्रधानमंत्री की 'मन की बात' जैसे कार्यक्रमों के जरिए रेडियो देश के हर तबके तक जुड़ा हुआ है।

रेडियो के विकास में भारत का योगदान: वैसे तो पहला व्यावहारिक रेडियो 1895 में गुग्लिएल्मो मार्कोनी द्वारा बनाया गया था, लेकिन भारतीय वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु ने 1895 में बिना तार के सिग्नल भेजने का प्रदर्शन कर दिया था। भारत में पहला रेडियो प्रसारण जून 1923 में बॉम्बे रेडियो क्लब द्वारा किया गया था। अपने देश का ऑल इंडिया रेडियो 99 प्रतिशत जनसंख्या तक पहुंच के साथ दुनिया के सबसे बड़े प्रसारकों में से एक है।

जगदीश चंद्र बसु

जमीन से लेकर अंतरिक्ष तक रेडियो: बच्चो, रेडियो तरंगें अंतहीन होती हैं। यदि इन्हें कोई अवशोषित नहीं करता है तो ये अनंत काल तक यात्रा कर सकती हैं। रेडियो बिजली के बिना भी काम करता है। पुराने ट्रांजिस्टर (रेडियो) बैटरी या सेल से चलते थे। रेडियो तरंगें न केवल ध्वनि, बल्कि खगोलीय पिंडों (ग्रहों, तारों) से भी उत्सर्जित होती हैं, जिनका अध्ययन रेडियो टेलीस्कोप से किया जाता है।

भारत में आकाशवाणी: ऑल इंडिया रेडियो को 1957 में आधिकारिक तौर पर 'आकाशवाणी' का नाम दिया गया। 14-15 अगस्त 1947 की मध्यरात्रि को नेहरू जी का भाषण ऑल इंडिया रेडियो से ही प्रसारित हुआ था। मां दुर्गा की लोकप्रिय 'महिषासुर मोर्दिनी' (महालया) भारत के सबसे पुराने रेडियो कार्यक्रमों में से एक है, जो 1931 से प्रसारित हो रहा है। *

कुछ रोचक तथ्य



दुनिया का पहला रेडियो स्टेशन: बच्चो, दुनिया का पहला व्यावसायिक रेडियो स्टेशन 1920 में अमेरिका में शुरू हुआ था, जबकि भारत में बड़े स्तर पर रेडियो प्रसारण 23 जुलाई 1927 को मुंबई से शुरू हुआ था।

पहली सिग्नेचर धुन: ऑल इंडिया रेडियो की मशहूर धुन किसी भारतीय ने नहीं बल्कि एक यहूदी शरणार्थी वाल्टर कॉफमैन ने बनाई थी, जो आज भी ऑल इंडिया रेडियो की पहचान है।

रेडियो सुनने के लिए लाइसेंस: आज लोग भले ही कभी भी कहीं भी रेडियो सुन सकते हैं, लेकिन 1920 के दशक में भारत में रेडियो सुनने के लिए बाकायदा लाइसेंस लेना पड़ता था। 1927 में अपने देश में रेडियो लाइसेंस धारकों की संख्या मात्र 3,594 थी।

बहुत अनोखी झील है ब्लैक सी

बच्चो, दक्षिण-पूर्व यूरोप और पश्चिमी एशिया के बीच स्थित ब्लैक सी, कई मायने में सामान्य झीलों से अलग है। ब्लैक सी के निर्माण और इसकी कुछ विशेषताओं के बारे में तुम भी जानो।

यह भी जानो

नयनतारा

बच्चो, ब्लैक सी यानी काला सागर, वास्तव में कोई समुद्र नहीं बल्कि एक विशाल झील है। यह चारों तरफ से जमीन से घिरी हुई है। यह दक्षिण पूर्वी यूरोप और पश्चिमी एशिया के बीच स्थित है। ब्लैक सी के तट छह देशों की सीमाओं को स्पर्श करते हैं। ये देश हैं- यूक्रेन, रूस, जॉर्जिया, तुर्की, बुल्गारिया और रोमानिया।

संसार का सबसे बड़ा मेरोमिक्टिक बेसिन: भौतिक दृष्टि से ब्लैक सी संसार का सबसे बड़ा मेरोमिक्टिक बेसिन है। 'मेरोमिक्टिक' का अर्थ यह है कि इसका गहरा पानी अनॉक्सिक है यानी उसमें ऑक्सीजन का अभाव है। इस कारण उसका गहरा पानी, ऊपरी परत के ऑक्सीजन युक्त पानी में मिश्रित नहीं होता है। पानी में ऑक्सीजन न होने की वजह से यह 'डेड जोन' बन जाता है, जिसमें 150 मीटर के नीचे कोई समुद्री जंतु या पौधा जीवित नहीं रह पाता है।

इसलिए कहते हैं ब्लैक सी: बच्चो, तुम्हारे मन में सवाल उठता होगा कि इस झील को ब्लैक सी क्यों कहते हैं? दरअसल, अधिक ठंड के मौसम में ब्लैक सी में तेज तूफान उठता है, जिससे वह काले रंग के खतरनाक जल प्रवाह के रूप में दिखता है, इसीलिए इस झील को 'ब्लैक सी' नाम से जाना जाता है। इसके अतिरिक्त, प्राचीन समय में तुर्की देश के नाविक उत्तर दिशा (जहां यह सागर स्थित है) को अपने कलर-कोडेड दिशा सूचक व्यवस्था में 'ब्लैक' कलर से प्रदर्शित करते थे, इसलिए भी इसे 'ब्लैक सी' कहा जाता है।

ऐसे हुआ ब्लैक सी का निर्माण: भू-वैज्ञानिकों का मानना है कि ब्लैक सी लगभग 7,500 साल पहले बनी, जब मेडिटरेनियन यानी भूमध्य सागर में जबर्दस्त उफान आया और उसका विशाल जल प्रवाह बोस्फोरस स्ट्रेट (तुर्की के इस्तांबुल शहर में स्थित एक स्थल) को पार कर एक ताजा पानी की झील में पहुंच गया। इस प्रकार इस अनोखी झील, ब्लैक सी का निर्माण हुआ। *

ब्लैक सी से जुड़े कुछ अन्य तथ्य

ब्लैक सी के गहरे पानी में चूंकि ऑक्सीजन नहीं है इसलिए उसमें मौजूद कोई भी लकड़ी हजारों साल तक गलती नहीं है। यही वजह है कि करीब 2,000 साल पहले इसमें डूबे पानी के जहाजों की लकड़ियां आज भी मौजूद हैं। इस सागर में लहरें नहीं उठती हैं, पानी किसी झील या तालाब की तरह शांत रहता है। नीचे का खारा पानी और ऊपर का ताजा पानी आपस में मिलते नहीं हैं। ऐसा लगता है जैसे दो अलग सागर एक-दूसरे के करीब हों।

कविता / सूर्यकुमार पांडेय

दांत बन गए नेल कटर

अटर-पटर चटर-पटर,
गेहूं, चावल, दाल, मटर,
फल, मेवे, गुड़ और शक्कर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।
झटपट ये बिल के अंदर,
चटपट आ जाते बाहर।
रोटी, बिस्कुट, ब्रेड, बटर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।
खाते प्लास्टिक की चेयर,
नरम पुराने फर्नीचर,
प्लास्टिक के पाइप, वायर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।
तकिया, गद्दे और चादर,
कोट, शर्ट, ऊनी स्वेटर,
काट रहे पेपर-वेपर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।
बड़े चटोरे, बड़े जबर,
मूंगफली, अखरोट कुतर,
दांत बन गए नेल कटर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।

बूझो तो जानें



1 गुजर सके हर एक वस्तु से
पर नजरों से गुम,
कहो कौन-सी किरणें हैं ये
जल्दी बूझो तुम।

2 एक मशीन इलेक्ट्रॉनिक है
बिजली से है चलता,
चित्र खींचता, खेल खिलाता
गणनाएं भी करता।।

3 चाहे हों ये दाएं-बाएं
अथवा ऊपर-नीचे,
लोहे की चीजों को झटपट
पलक झपकते खींचे।।

-डॉ. घमंडीलाल अग्रवाल

उत्तर : 1.एक्स-रे, 2.कंप्यूटर, 3.चुंबक

जीके क्विज-192

1. भारतीय टीम ने किस देश की टीम को हराकर अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्ड कप जीता?
2. 'हैरी पॉटर' किसकी रचना है?
3. भारत के वर्तमान रेलमंत्री कौन हैं?
4. रामकृष्ण मिशन की स्थापना किसने की थी?
5. मानव शरीर की सबसे छोटी अस्थि (बोन) का नाम क्या है?
6. गुरुत्वाकर्षण की खोज किस वैज्ञानिक ने की थी?
7. भारत के पहले फील्ड मार्शल कौन थे?
8. सौरमंडल के किस ग्रह को 'लाल ग्रह' भी कहा जाता है?
9. नमक का रासायनिक नाम क्या है?
10. हाइड्रोजन की खोज किसने की थी?

बच्चो, जीके क्विज-192 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-191 का उत्तर: 1.निर्मला सीतारमण, 2.कलिंगा लांसर्स, 3.सुभाष चंद्र बोस, 4.पीवी सिंधु, 5.साइरस, 6.अजमेर और दिल्ली, 7.आर.के. षणमुखम चेट्टी, 8.बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय, 9. प्लेटिनम, 10.ओडिशा

जीके क्विज-191 का सही उत्तर देने वाले: सतीश-रायपुर, आरसी-कोरबा, आदित्य-मुंगेली, श्रेया-गैसाबाद, कबीर-हिसार, विशाल-रोहतक, राजेश-रायपुर, पंकज-बिलासपुर, पल्लवी-बलौदा बाजार, हर्षित-महासमुंद, चंदन-रायगढ़

कहानी

हरीश कुमार अमित

परीक्षाएं क्या पास आईं, शशांक खेलना-कूदना बंद करके दिन-रात पढ़ाई में जुट गया। उसके दादा जी को इस तरह हमेशा पढ़ाई करते रहना सही नहीं लगा। एक दिन दादा जी ने शशांक को जो बातें समझाईं, अच्छे नंबर लाने के लिए, ये बातें हर बच्चे को जाननी चाहिए, तुम भी जानो।

परीक्षा का तनाव



एआई इमेज

परीक्षा करीब आने से शशांक बड़े तनाव में था। कुछ दिनों बाद ही उसकी वार्षिक परीक्षाएं, जो शुरू होने वाली थीं। परीक्षा की तैयारी के लिए उसके स्कूल में छुट्टियां घोषित कर दी गई थीं। शशांक पढ़ने में होशियार था। हमेशा अच्छे अंक लाता था। उसके तनाव का कारण यह डर था कि कहीं इस बार उसके अंक कम न आ जाएं। परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए वह सारा दिन पढ़ाई करता रहता। ज्यादा पढ़ाई करने के लिए उसने अपनी नींद भी कुछ कम कर दी थी।

एक दिन दोपहर के समय शशांक पढ़ाई कर रहा था कि तभी उसके होम टाऊन से दादा जी आ गए। साल में एक-दो बार वह कुछ दिनों के लिए शशांक के पास जरूर आ जाया करते हैं। दादा जी का साथ उसे बहुत भाता है। उनसे शशांक का दोस्त जैसा रिश्ता है।

शाम को दादा जी पार्क में सैर करने के लिए जाने लगे तो उन्होंने शशांक से पूछा, 'बेटा, क्या आज तुम्हें अपने दोस्तों के साथ खेलने नहीं जाना?'

'नहीं दादा जी, मुझे परीक्षा की तैयारी करनी है न, इसलिए इन दिनों शाम को दोस्तों के साथ खेलने के लिए नहीं जा रहा हूं।'

दादा जी सैर करके वापस आए, तो उन्होंने देखा कि शशांक अब भी अपनी किताब लिए बैठा है। यह देखकर उन्होंने हैरानी से पूछा, 'अरे बेटा, क्या बात है? तुम शाम को टीवी नहीं देख रहे? तुम तो शाम को टीवी देखा करते थे।'

'दादा जी, परीक्षाएं आने वाली हैं न, इसलिए इन दिनों टीवी देखना भी बंद है।' शशांक का जवाब सुनकर दादा जी चुप रहे, कुछ बोले नहीं। रात का खाना खाने के बाद दादा जी घर में ही थोड़ी देर टहलते जरूर हैं। उन्होंने शशांक को भी अपने साथ टहलने के लिए कहा, लेकिन उसने यह कहते हुए टहलने से मना कर दिया कि पढ़ाई करनी है, परीक्षाएं करीब हैं।

दादा जी हमेशा शशांक के कमरे में ही सोते हैं। रात को शशांक काफी देर बिस्तर पर ही बैठकर पढ़ाई करता रहा और फिर पढ़ते-पढ़ते ही सो गया। आधी रात को जब दादा जी की नींद खुली तो उन्होंने उठकर ट्यूबलाइट बंद की।

शशांक ने सुबह पांच बजे उठकर पढ़ने के लिए अलार्म लगाया हुआ था। सुबह जब अलार्म बजा तो वह बड़ी मुश्किल से उठ पाया। उसकी आंखों में नींद भरी थी। रात को देर से सोने के कारण वह ठीक तरह से पढ़ नहीं पा रहा था। बीच-बीच में उसे झपकी आ जाती।

छह बजे सैर करने जाते समय दादा जी ने शशांक से कहा कि वह भी थोड़ी देर सैर करने चले, लेकिन वह बोला, 'दादा जी, अब मुझे नींद आ रही है। मैं थोड़ी देर सोऊंगा।' दादा जी सैर करके घर वापस आए तब भी शशांक सो रहा था। वह तभी उठा जब मम्मी ने उससे कहा कि वह नाश्ता बनाने जा रही हैं, अब वह उठ जाए।

नाश्ता करने के बाद दादा जी ने शशांक को अपने पास बुलाया और बोले, 'बेटा, तुम परीक्षा की तैयारी के लिए मेहनत तो बहुत कर रहे हो, लेकिन अगर तुम कुछ बातों का ध्यान रखोगे तो इससे तुम्हें दो फायदे होंगे। एक तो तुम्हारी तैयारी और बढ़िया होगी और दूसरा, तुम्हें जो यह परीक्षा का डर सता रहा है, वह भी कम हो जाएगा।'

शशांक बड़े ध्यान से दादा जी की बात सुन रहा था। दादा जी आगे बोले, 'देखो बेटा, एक तो सारा दिन किताबें लेकर बैठने की बजाय बीच-बीच में थोड़ा ब्रेक ले लिया करो। थोड़ी देर दोस्तों के साथ खेलो, थोड़ी देर टीवी देखो, थोड़ी देर घर के लोगों से बातचीत करो। इसके अलावा इन दिनों अपनी नींद में भी कमी करने की जरूरत बिल्कुल नहीं है। पूरी नींद लो।'

'जी, दादा जी।' शशांक ने हामी भरी। 'इन बातों का ध्यान रखोगे तो इससे तुम्हारा दिमाग तरोताजा रहेगा, याद भी अच्छी तरह होगा और परीक्षा की ओर अच्छी तैयारी कर पाओगे। परीक्षा का डर भी तुम्हें कम लगेगा।' दादा जी ने शशांक को समझाया।

'मैं समझ गया, दादा जी।' शशांक कहने लगा। दादा जी की इन बातों का पालन शशांक ने उसी दिन से करना शुरू कर दिया। परीक्षाओं से लगने वाला उसका डर-तनाव कम हो गया था। अब वह शांत मन से और अच्छी तरह पढ़ाई कर पा रहा था।

कुछ दिनों बाद जब उसका परीक्षा परिणाम आया, तो उसके अंक उसकी उम्मीद से बहुत ज्यादा अच्छे थे। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

समझदारी सिखाती प्यारी कहानियां

बच्चो, अभी कुछ समय पहले ही एक बालकथा संग्रह 'दिन में सौ चांद' छपकर आया है। इसमें कुल पंद्रह कहानियां हैं। इनमें से अधिकतर कहानियों के पात्र पशु-पक्षी हैं। इन कहानियों को पढ़कर तुम्हारा मनोरंजन तो होगा ही, इनसे तुम्हारे भीतर समझदारी भी विकसित होगी।

'दिन में सौ चांद' कहानी में तुम पढ़ोगे कि किस तरह चतुर खरगोश, शेर को दिन में सौ चांद दिखाकर अपनी बात सही साबित कर देता है। सोनू, मोनू बकरियों और जंगू भेड़िए की कहानी 'सोनू की चालाकी' पढ़कर तुम सीख सकते हो कि अगर मुसीबत में भी धीरज और बुद्धि से काम लिया जाए तो मुसीबत से पार पाया जा सकता है। कुछ पक्षियों और एक सांप की कहानी 'हम अच्छे बने रहेंगे' यह सिखाती है कि अगर कोई हमारे साथ अच्छा व्यवहार न करे तो भी हमें अपना व्यवहार अच्छा ही रखना चाहिए। हमारा रूप-रंग कितना भी अच्छा क्यों न हो अगर हम परिश्रम नहीं करेंगे तो हमारा सम्मान नहीं होगा, यह सीख 'मेहनत का सम्मान' कहानी देती है। एक मछली और एक चिड़िया की दोस्ती की प्यारी सी कहानी है 'सोनचिड़ी और सोन मछली', जिसमें तुम पढ़ोगे कि सच्चा दोस्त वही होता है, जो मुसीबत में अपने दोस्त का साथ नहीं छोड़ता। इसी तरह 'सवाल का बवाल' कहानी पढ़कर तुम अपनी हंसी नहीं रोक पाओगे। कई रंगों की कहानियों से सजी यह किताब तुमको जरूर पसंद आएगी। *

किताब: दिन में सौ चांद (कहानी संग्रह),
लेखक: गोविंद शर्मा, **मूल्य:** 175 रुपए,
प्रकाशक: साहित्यागार, जयपुर

अंतर बताओ

बच्चो, यहां पपी हाउस के बाहर बैठे एक क्यूट से पपी के दो चित्र दिए हैं। एक जैसे दिखने वाले इन चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम तीन मिनट में सभी पांच अंतर ढूंढ कर बताओ।

उत्तर: 1.पपी हाउस के ऊपर बॉर्ड तरफ पेड़ की टहनी में एक पत्ती कम है। 2.पीछे बॉर्ड तरफ होंसे कम दिख रही है। 3.पपी के बाए पैर के ऊपर बाउल सपोर्ट है। 4.पपी हाउस में ऊपर टॉर्ड तरफ खिड़की बनी हुई है। 5.लॉबे टॉर्ड तरफ पत्तियों का रंग अलग है।

रास्ता बताओ

बच्चो, यहां दिए गए चित्र में हिरण के एक भूखे बच्चे को घास तक पहुंचना है। लेकिन वहां तक पहुंचने का रास्ता जरा टेढ़ा-मेढ़ा है। तुम हिरण के बच्चे को घास तक पहुंचने का सही रास्ता बताओ, ताकि वह घास खाकर अपनी भूख मिटा सके।

खबर संक्षेप

अवैध देसी पिस्तौल व कारतूस सप्लायर काबू

हांसी। अपराध शाखा हांसी की टीम ने बुधवार को लाल सड़क निवासी राजेश उर्फ भाऊ को अवैध देसी पिस्तौल व 7 कारतूस सहित काबू करके थाना शहर हांसी में आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। पकड़े गए आरोपी राजेश ने पूछताछ के दौरान बताया था कि उसे यह अवैध पिस्तोल व कारतूस डडल पार्क निवासी प्रवीन उर्फ धनोरी ने उपलब्ध करवाया था। इसके बाद पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी प्रवीण को गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

अवैध पिस्तौल उपलब्ध करवाने का आरोपी धरा

हांसी। सीआईए हांसी ने अवैध हथियार रखने वाले आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस प्रवक्ता संदीप शर्मा ने बताया कि सीआईए हांसी द्वारा 10 फरवरी को गश्त व पड़ताल के दौरान भिवानी रोड स्थित नहर पुल के पास से बोगाराम कॉलोनी निवासी तरुण को अवैध देसी पिस्तोल के साथ काबू किया गया था और आरोपी तनुज के खिलाफ थाना शहर हांसी में आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर अदालत में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी तरुण ने बताया कि इस मामले में उतर प्रदेश के वृंदावन निवासी विजय कुमार की संलिप्त है। पुलिस ने आरोपी विजय कुमार को वृंदावन से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के समय आरोपी विजय कुमार के कब्जे से दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए।

हरियाणा सिविल पेंशनर्ज की मासिक बैठक 14 को

फतेहाबाद। हरियाणा सिविल पेंशनर्ज वैलफेयर एसोसिएशन फतेहाबाद की मासिक बैठक प्रधान हरबंस लाल सेठी की अध्यक्षता में 14 फरवरी शनिवार को शाम 4 बजे बाल भवन फतेहाबाद में होगी। यह जानकारी प्रधान हरबंस लाल सेठी व सचिव मदन गोपाल नारंग ने दी।

हांसी जिला सचिवालय के समाधान शिविर में एसडीएम ने सुनीं जनसमस्याएं

स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग पर विभाग को दिए त्वरित समाधान करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

जिला सचिवालय परिसर में गुरुवार को एसडीएम राजेश खोथ की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में एसडीएम ने ग्रामीण व शहरी क्षेत्र से आए नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों को सुना। तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रत्येक समस्या का प्राथमिकता एवं त्वरित आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए।

समाधान शिविर के दौरान राम सिंह कॉलोनी के निवासियों द्वारा राजकीय प्राथमिक पाठशाला के समीप सड़क पर स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया गया। इस पर एसडीएम राजेश खोथ ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को तुरंत मौके पर जाकर मुआयना कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि स्कूली बच्चों एवं आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। इसी दौरान गांव भाटला के कुछ किसानों ने कच्चे खाल को कागजों में पक्का दर्शाए जाने को लेकर शिकायत दर्ज कराई। एसडीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल मौके पर जाकर जांच करने तथा विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

हांसी। समाधान शिविर में जन समस्याएं सुनते एसडीएम राजेश खोथ।

चयन पर एसडीएम ने पेन देकर किया सम्मानित

समाधान शिविर के दौरान एसडीएम राजेश खोथ ने उमरा गांव निवासी आशीष, बांडा हेड़ी गांव निवासी साहिल तथा कुंदनापुर गांव निवासी रॉबिन को पेन भेंट कर सम्मानित किया। इन तीनों युवाओं का चयन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) एवं केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) में हुआ है। इस अवसर पर नायब तहसीलदार सुरेश कुमार, एसडीएम कार्यालय के उपाध्यक्ष धर्मवीर रंगा, रीडर संतोष गिल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

डोभी के खेत में गलत तरीके से लगे खंभे हटवाने की मांग

डीसी महेंद्र पाल ने शिविर में सुनीं शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

- एसई ने प्रार्थी की शिकायत पर दिए जांच के निर्देश
- जलघर में चलाए गए बरमे की बकाया राशि न देने की शिकायत की जांच कर समाधान करवाने की हिदायत दी।
- परिवार पहचान पत्र में आय दुरुस्त करने के भी दिए निर्देश

उपायुक्त महेंद्र पाल ने वीरवार को जिला सभागार में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की समस्याएं सुनीं। समाधान शिविर में आजाद नगर निवासी संदीप द्वारा खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों की शिकायत तथा गांव डोभी निवासी मनोहर लाल द्वारा गलत ढंग से खेत में लगाए गए बिजली के खंभे को हटवाने की मांग पर उपायुक्त ने दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के एसई को प्रार्थी की शिकायत पर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

गांव सदलपुर निवासी अनूप कुमार द्वारा जलघर में पीने के पानी को लेकर ट्रैक्टर द्वारा चलाए गए बरमे की बकाया राशि न देने की शिकायत पर डीसी ने पब्लिक हेल्थ के एसई को मामले की जांच कर प्रार्थी की समस्या का समाधान करवाने की हिदायत दी। प्रार्थी रामदिया द्वारा अपने परिवार पहचान पत्र में अपनी आय को दुरुस्त करवाने की मांग पर उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि वे प्रार्थी की आय को जांच करके ठीक करवाना सुनिश्चित करें। समाधान शिविर में नगराधीश हरिराम, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सिंह, जिला परिषद की उप-मुख्य कार्यकारी अधिकारी कीर्ति सिरोहीवाल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

महाशिवरात्रि महोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य 12 ज्योतिर्लिंगम शोभा यात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

ब्रह्माकुमारीज द्वारा 90वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती एवं आगामी महाशिवरात्रि महोत्सव 'महादेव से महामिलन का महामेला' के उपलक्ष्य में गुरुवार को एक अत्यंत भव्य, दिव्य एवं ऐतिहासिक 12 ज्योतिर्लिंगम शोभा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसने पूरे शहर को शिवमय बना दिया। यह विशाल शोभा यात्रा ब्रह्माकुमारीज राजयोग केंद्र, ज्योतिपुरा से प्रातः आरंभ हुई और शहर के प्रमुख मार्गों चौराहों एवं मुख्य स्थलों से गुजरते हुए ब्रह्माकुमारीज पीस पैलेस, बालसमंद रोड पर भव्य रूप से संपन्न हुई।

लगभग 15 किलोमीटर के विस्तृत मार्ग से होकर गुजरी इस शोभा यात्रा की कतार लगभग 1 किलोमीटर लंबी थी, जिसने नगर के वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा, भक्ति और उल्लास से भर दिया। शोभा यात्रा का मुख्य आकर्षण रहे 12 सुसज्जित एवं आकर्षक रथ, जिन पर परमात्मा शिव की यादगार 12 ज्योतिर्लिंगों की भव्य झांकियां विराजमान थीं। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर शोभा यात्रा का स्वागत किया और दिव्य ज्योतिर्लिंगों के दर्शन कर स्वयं को धन्य अनुभव किया।

इस ऐतिहासिक शोभा यात्रा में 600 से अधिक ब्रह्माकुमारी भाई-बहनों ने एकजुट होकर अनुशासन, शांति एवं आध्यात्मिक गरिमा के साथ सहभागिता की। यात्रा में ब्रह्माकुमारीज हिसार की संचालिका बीके रमेश कुमारी दीदी स्वयं उपस्थित रहीं। उनके साथ बीके अनीता, बीके राजेंद्र, बीके अंतिमा, बीके नीरज, बीके रेनू सहित अन्य वरिष्ठ ब्रह्माकुमारी भाई-बहन भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

हिसार। शहर में ज्योतिर्लिंगम शोभायात्रा निकालते ब्रह्माकुमारीज के भाई-बहन।

नर्सिंग कॉलेज की छात्राएं और किसान नेता आज विधायक आवास पर देंगे धरना

नारनौंद। क्षेत्र के एक निजी नर्सिंग कॉलेज की छात्राएं हांसी के विधायक विनोद भ्याना के आवास पर शुक्रवार को धरना देगी। साथ में किसान नेता सुरेश कोथ भी धरने को समर्थन देकर छात्राओं के साथ धरने पर बैठेंगे। छात्राओं ने बताया कि जब तक उनका माइग्रेशन नहीं होता तब तक वह धरने से नहीं उठेगी। बता दें कि नर्सिंग कॉलेज में 308 छात्राएं है और उनमें से करीब 150 छात्राएं माइग्रेशन की मांग कर रही हैं। इसी को लेकर खाप व अन्य ग्रामीणों के साथ विधायक विनोद भयाना से हांसी में मुलाकात करने पहुंचे। उन्होंने आश्वासन दिया कि 10 फरवरी तक छात्राओं का माइग्रेशन हो जाएगा। लेकिन माइग्रेशन नहीं हुआ है।

सभी छात्राएं और किसान नेता बुधवार को हांसी में विधायक विनोद भ्याना के आवास के बाहर धरना दिया था। विधायक के सचिव ने आश्वासन दिया था कि एक-दो दिन में माइग्रेशन हो जाएगा लेकिन अभी तक छात्राओं के पास माइग्रेशन की कोई सूचना नहीं पहुंची है। इसको लेकर सभी छात्राएं एक बार फिर लामबंद होकर विधायक के आवास के बाहर धरने पर बैठेंगी। छात्राओं ने बताया कि विधायक ने 10 फरवरी तक का समय दिया था लेकिन इस दौरान भी हमारे माइग्रेशन नहीं हो पाए। बुधवार को भी विधायक विनोद भयाना के आवास पर धरने पर बैठे थे। उन्होंने ने कहा कि जब तक सभी छात्राओं का माइग्रेशन नहीं होता तब तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा और शुक्रवार से विधायक के आवास के बाहर धरना शुरू कर दिया जाएगा। क्योंकि इस कॉलेज में सुरक्षित नहीं है। छोटी छोटी बातों पर हमें टोका जाता हैं। पिछले दिनों प्रार्थना सभा में भी तीन छात्राओं को थप्पड़ मारे गए थे।

वेदों की ओर लौटो का दिव्य संदेश देकर सोई हुई आत्माओं को जगाया

महर्षि दयानन्द सरस्वती की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

महर्षि दयानंद सरस्वती की 202वींजयंती के उपलक्ष्य में आर्य समाज हिसार के सभी आर्यों ने मिलकर, आर्य समाज मॉडल टाउन के सामने महर्षि दयानंद पार्क, तोशाम रोड पर एक शाम ऋषि के नाम कार्यक्रम आयोजन किया गया जिसमें नगर के सैंकड़ों नर-नारियों ने भाग लिया। सर्वप्रथम यज्ञ हुआ जिसको आचार्य सूर्यदेव वेदांशु कराया। सभी आर्यजनों ने यज्ञ में आहुति दी। भजन एवं महर्षि की जीवनी पर अनेक वक्ताओं ने अपने विचार प्रस्तुत किए। वक्ताओं ने कहा कि ऋषि चेतना के प्रखर प्रकाश स्तंभ-महर्षि दयानन्द सरस्वती ने वेदों की ओर लौटो का दिव्य संदेश देकर सोई हुई आत्माओं को जगाया। अंधविश्वास और पाखंड के अंधकार को दूर कर सत्य, ज्ञान और राष्ट्र चेतना का दीप प्रज्वलित किया। ऐसे क्रांतिदर्शी महापुरुष, समाज सुधारक और सनातन वैदिक धर्म के पुनर्जागरणकर्ता महर्षि दयानन्द सरस्वती की जयंती पर शत-शत वंदन करते हुए संकल्प लें कि उनके बताए सत्य, वेदमार्ग और राष्ट्रभक्ति के पथ पर चलकर समाज और राष्ट्र को पुनः वैदिक वैभव की ओर अग्रसर करें।

इन्होंने बढ़ाई समारोह की शोभा

इस अवसर पर कर्मवीर शास्त्री, आचार्य जगतपाल शास्त्री, आचार्य सत्यवान पंडित, ईश आर्य, रामकुमार आर्य, आचार्य विश्वदेव, डॉक्टर मुकेश, मदन वासुदेवा, महेन्द्र आर्य, कंचन डुडेजा, सुमन बत्रा, रेखा गौतम, सिम्मी काठपाल, विनय मल्होत्रा, आचार्य गणेश शास्त्री, साधना मेहता ने महर्षि दयानन्द सरस्वती के जीवन पर अपने विचार रखें व भजनों की प्रस्तुति दी। आर्य नगर व धीरणवास के गुरुकुलों के छात्रों सहित नगर के अनेक गणमान्य लोगों ने भी समारोह की शोभा बढ़ाई।

हांसी। जिला सचिवालय में आयोजित बाल कल्याण परिषद की बैठक की अध्यक्षता करते डीसी राहुल नरवाल। फोटो : हरिभूमि

नारनौंद में बनाया जाएगा उपमंडल स्तरीय मिनी बाल भवनः नरवाल

डीसी ने जगह तलाशने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

नारनौंद में उपमंडल स्तरीय मिनी बाल भवन स्थापित करवाया जाएगा। यह जानकारी देते जिला सचिवालय परिसर में में आयोजित जिला बाल कल्याण परिषद की स्थापना को लेकर आयोजित बैठक अध्यक्षता करते हुए डीसी राहुल नरवाल ने दी। इस दौरान उन्होंने विकास एवं पंचायत विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मिनी बाल भवन की स्थापना को लेकर जगह की तलाश करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जब तक नारनौंद में मिनी बल भवन बनकर तैयार नहीं हो जाता तब तक किसी अन्य भवन में बाल भवन संचालित करें ताकि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए क्षेत्र में अधिक से अधिक गतिविधियों का आयोजन हो सके। डीसी राहुल नरवाल ने बैठक में जिला बाल कल्याण परिषद के पंजीकरण तथा कार्यकारिणी के गठन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला बाल कल्याण अधिकारी ओम प्रकाश ने कहा कि डीसी राहुल नरवाल के निर्देशानुसार पंजीकरण तथा कार्यकारिणी के गठन का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। बैठक में बाल कल्याण परिषद के माध्यम से भविष्य में बच्चों के सर्वांगीण विकास को लेकर चलाई जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर भी विचार विमर्श किया गया।

बरवाला बार एसो. के लिए बजा चुनावी बिगुल

बरवाला। बरवाला बार एसोसिएशन की जनरल हाउस की मीटिंग हुई। इसमें सर्वसम्मति से 25 फरवरी को सत्र 2026- 27 के लिए चुनाव की घोषणा की गई। सर्वविदित ही है कि यह बरवाला बार एसोसिएशन का पहला वर्ष है। अब की बार पांच पदों पर चुनाव होगा जिसमें प्रधान, उपप्रधान, सचिव, कोषाध्यक्ष व सहसचिव का पद शामिल है। जनरल हाउस ने सर्वसम्मति से यह चुनाव करवाने का जिम्मा चुनाव अधिकारी एडवोकेट विपिन कथूरिया और सहायक चुनाव अधिकारी एडवोकेट कुलबीर बूरा को सौंपा है। चुनाव अधिकारी एडवोकेट विपिन कथूरिया ने जनरल हाउस को यह चुनाव पूर्णतया निष्पक्षता से करवाने का विश्वास दिलाया। कथूरिया ने बताया कि अब की बार बरवाला बार एसोसिएशन में उपाध्यक्ष पद महिला के लिए सीट आरक्षित की गई है। यह हरियाणा में बार एसोसिएशन में पहली बार होगा कि किसी पद के लिए महिला सीट को आरक्षित रखा गया हो।

- एसोसिएशन की जनरल हाउस की हुई मीटिंग

आदमपुर। सीसवाल धाम में बैठक को संबोधित करते प्रधान घीसाराम जैन।

शिवरात्रि पर सीसवाल धाम में होगा मेले का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आदमपुर

आदमपुर के सीसवाल धाम में शिवरात्रि पर दो दिवसीय विशाल मेले का आयोजन किया जाएगा। वीरवार को मेले के सफल आयोजन को लेकर मंदिर कमेटी की एक बैठक प्रधान घीसाराम जैन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विशेष रूप से भट्टू मंडी से महामंत्री ब्रह्मानंद गोयल ने शिरकत की। जैन ने बताया कि शनिवार 14 फरवरी को बाबा भोलेनाथ का बाहर से आए कलाकारों द्वारा भव्य श्रृंगार किया जाएगा। इसके बाद भजन संध्या आयोजित की जाएगी और कावड़ियों द्वारा लाई गई कावड़ चढ़ाई जाएगी। अगले दिन महाशिवरात्रि पर रविवार 15 फरवरी को सुबह चार बजे से जलाभिषेक कार्यक्रम शुरू होगा। मेले को लेकर सदस्यों की अलग-अलग ड्यूटियां लगाई गई।

- मेले को लेकर सदस्यों की अलग-अलग ड्यूटियां लगाईं

इस मौके पर सुभाष गोयल ऐलनावाद, पूर्व सरपंच रोहताश सैनी, डा.शेर सिंह सैनी, अजीत सिंह, सुभाष तरड़, रामकुमार दांवा, अनिल सिंगला, रोहताश शेरड़ा, नरेश गोयल, अमित गोयल, ईश्वर सिंह डोभी, दलीप बैनीवाल, राकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

हरियाणा बीज विकास निगम का क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू

हिसार। टूर्नामेंट के शुभारंभ मौजूद क्रिकेट टीम एवं अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

- खेलों से बढ़ती है ऊर्जा और कार्यक्षमता : देव कुमार शर्मा

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में गुरुवार को हरियाणा बीज विकास निगम की ओर से आयोजित तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का विधिवत शुभारंभ निगम के चेयरमैन देव कुमार शर्मा ने किया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में सुपर सीड्स के प्रबंध निदेशक अश्विनी गर्ग तथा कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा के पुत्र संजीव गंगवा उपस्थित रहे। उद्घाटन अवसर पर खिलाड़ियों व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए चेयरमैन देव कुमार शर्मा ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। खेलों से न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य भी बेहतर रहता है और स्वस्थ व्यक्ति अपने दायित्वों का निर्वहन अधिक कुशलता से कर पाता है। उन्होंने कहा कि टूर्नामेंट में भाग ले रहे निगम के कर्मचारी आज मैदान में पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ नजर आ रहे हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि खेल उम्र की सीमाओं को तोड़ देते हैं। इस क्रिकेट टूर्नामेंट में हरियाणा बीज विकास निगम की कुल 8 टीमें भाग ले रही हैं। कार्यक्रम के दौरान चेयरमैन देव कुमार शर्मा, प्रबंध निदेशक अश्विनी गर्ग एवं भाजपा नेता संजीव गंगवा को शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय प्रबंधक डॉ हेमेंद्र तथा बीज उत्पादन अधिकारी डॉ राहुलदीप राणा ने किया। इस अवसर पर डॉ सुनील वर्मा, डॉ जयवीर ख्यालिया, डॉ कुलदीप, डॉ भरत सिंह कसवा, डॉ अरविंद, डॉ नवनीत सहित निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कलयुग की हर समस्या का समाधान भागवत के माध्यम से ही संभव : साध्वी करुणागिरि

- श्री प्रयागगिरी शिवालय ट्रस्ट में श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा का चौथा दिन, भगवान श्री कृष्ण जी के जन्मोत्सव पर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

महामंडलेश्वर साध्वी करुणागिरि ने श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के चौथे दिन बताया कि अगर कोई संतान संकल्प करके कोई काम करता है तो उसका काम निश्चय ही सफल होता है। अगर कोई तप करता है तो उसका सुफल अवश्य मिलता है। श्रीमद्भागवत के प्रभाव से असंभव व कठिन प्रतीत होने वाले लक्ष्य भी साधक सरलता से प्राप्त कर लेता है। यह एक ऐसा उपनिषद है जो मानव मात्र को सफल जीवन जीना हो नहीं सिखाता, बल्कि उसे मोक्ष भी दिलाता है। कलयुग की हर समस्या का समाधान भागवत के माध्यम से संभव है। साध्वी करुणागिरि श्री प्रयागगिरि शिवालय ट्रस्ट में प्रधान बजरंग गर्ग नेतृत्व में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा में श्रद्धालुओं को प्रवचन दे रही थी। कथा के दौरान भगवान श्री कृष्ण जी के जन्मोत्सव पर धर्म प्रेमी काफी देर तक नाचते रहे। कथा पंडाल को दुल्हन की तरह सजाया गया।

साध्वी करुणागिरि ने कहा कि राजा सागर के 60 हजार पुत्रों व अन्य पितरों को सद्गति राजा भागीरथ ने कठोर तप से गंगा जी को लाकर दिलाई व मोक्ष प्रदान करवा कर संसार की भी भलाई की। विदुर के कठोर तप से प्रसन्न होकर भगवान श्री कृष्ण जी ने उन्हें बिना मांगे सब कुछ दिया। उसी प्रकार मानव को सदैव ईश्वर के प्रति लगन व श्रद्धा भाव रखते हुए अपना जीवन व्यतीत करना चाहिए शिवालय मंदिर ट्रस्ट के प्रधान बजरंग गर्ग ने प्रमुख समाजसेवी संजय गुप्ता, राकेश क्रांति, ऋषि गर्ग, जयप्रकाश डालमिया, रणवीर शर्मा, डॉ. बालकिशन गुप्ता, गुलशन महाजन, भीम महाजन, नरेंद्र गांधी, जगदीश राजपाल, नितिन खटाना को विशेष सामान देकर सम्मानित किया।

प्रदेश में किसी भी बुजुर्ग की पेंशन न काटने का सीएम का दावा सराहनीय : आशा खेदड़

हिसार। भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की उस घोषणा का स्वागत किया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि है कि प्रदेश में किसी भी बुजुर्ग की पेंशन नहीं काटी गई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने पूरे प्रकरण को साफ करते हुए इस मुद्दे पर राजनीति करने का प्रयास कर रहे विपक्ष को करारा जवाब दिया है। डॉ. आशा खेदड़ ने कहा कि हाल ही में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्पष्ट कर दिया है कि प्रदेश में किसी भी बुजुर्ग की पेंशन नहीं कटी है और न ही काटी जाएगी। मुख्यमंत्री ने साफ तौर पर कहा है कि आय सत्यापन का कार्य चल रहा है और केवल वे ही पेंशन स्वत कटी है, जिन बुजुर्गों की मृत्यु को चुकी है। जिला अध्यक्ष ने बुजुर्गों सहित अन्य श्रेणियों के लाभपात्रों से अपील की कि वे किसी तरह की बातों से गुमराह न हो और नियमित तौर पर अपनी पेंशन लेते रहें।

महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में अगरबत्ती बनाना सिखाया

हिसार। भिवानी रोहिल्ला स्थित महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में एनएसएस यूनिट द्वारा एक दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय डायरेक्टर डॉ. नीलम प्रभा व प्राचार्या डॉ. शमीम शर्मा ने किया। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. शमीम शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का प्रमुख लक्ष्य समाज सेवा के माध्यम से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का समुचित विकास करना है। इस अवसर पर स्वरोजगार हेतु औषधीय एवं सगंध पौधों की खेती के साथ-साथ सुगंधित अगरबत्ती बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान महाविद्यालय भौतिकी की प्राध्यापिका ईशा ने प्रतिभागियों को अगरबत्ती के निर्माण की प्रक्रिया, सुगंध चयन, पैकेजिंग एवं विपणन के व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी दी। महाविद्यालय एनएसएस प्रभारी ज्योति वर्मा के नेतृत्व स्वयंसेविकाओं ने महारानी लक्ष्मीबाई स्टेचू की सफाई की व प्रांगण स्थित क्यारियों को सुव्यवस्थित भी किया।

जैन गर्ल्स स्कूल में सीनियर्स को दी विदाई

हिसार। जैन गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 12वीं के छात्राओं के लिए भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। 11वीं की छात्राओं द्वारा 12वीं की छात्राओं को टाइटल्स एवं उपहार दिए गए तथा विभिन्न रंगारंग प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गई। नृत्य एवं विभिन्न मनोरंजक खेलों द्वारा छात्राओं का मनोरंजन किया गया। कक्षा 12वीं की छात्राओं ने विभिन्न प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में और चांद लगा दिए तथा 12वीं की छात्राओं द्वारा सभी अध्यापकों को टाइटल आदि देखकर अपने भाव प्रकट किए। इस अवसर पर मिस जेजीएसएसएस, मिस फेयरवेल, मिस ईव चुने गए। जिसमें मिस जेजीएसएसएस खुशी गर्ग, मिस फेयरवेल नैना, मिस ईव दीक्षा और यशिका को चुना गया।

खबर संक्षेप

शिव सेवा युवा मंडल ट्रस्ट 15 को लगाएगा भंडारा

हिसार। शिव सेवा युवा मंडल चैरिटेबल एंड वेलफेयर ट्रस्ट की अमरनाथ यात्रा में जाने वाली टीम द्वारा 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के उपलक्ष में राजगुरु मार्केट में में भंडारे का आयोजन किया जाएगा। संस्था के संरक्षक सुरेश जैन सिसाये वाले के सान्निध्य में भंडारे की सेवा सुबह 10:30 बजे शुरु होगी जिसमें खीर पूरी सब्जी और फ्रूट का प्रसाद वितरित किया जाएगा। यह संस्था अमरनाथ यात्रा में भी यात्रियों की सेवा के लिए पूरे दो महीने भंडारा लगाती है। इस अवसर पर संस्था के सदस्य विजय कुमार, संदीप वर्मा, अजय सोनी, धर्मवीर सोनी, राजकुमार कौशिक, कमल पुरोहित, पवन डालमिया आदि मौजूद रहेंगे।

महाशिवरात्रि पर करवाया जाएगा मेडिटेशन

हिसार। ओशो ध्यान उपवन में 15 फरवरी को महाशिवरात्रि धूमधाम से मनाई जाएगी। इस अवसर पर शिवरात्रि स्पेशल मेडिटेशन का आयोजन भी किया जाएगा। प्रातः 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक प्रेम की गहराई-शिव शक्ति ऊंचाई विषय पर आधारित ध्यान सत्र का आयोजन भी किया जाएगा। इस दौरान ओशो ध्यान उपवन के संचालक स्वामी संजय व मां सांची ध्यान साधना का अभ्यास भी करवाएंगे। शिवरात्रि स्पेशल मेडिटेशन में विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में साधक हिस्सा लेंगे।

महाशिवरात्रि पर बंटेगा सवा दो क्विंटल खीर का प्रसाद

हिसार। शिव शक्ति सेवा समिति की ओर से महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर 15 फरवरी को सायं 4 बजे राजगुरु मार्केट में पंजाबी धर्मशाला के पास खीर का प्रसाद वितरित किया गया। समिति के प्रधान कृष्ण कांगड़ा ने बताया कि समिति के संरक्षक सुरेश चंद्र जैन सिसाये वाले के सान्निध्य में सवा दो क्विंटल दूध की सांवक से बनी खीर श्रद्धालुओं में बांटी जाएगी। सचिव पंकज बाबा ने बताया कि इस अवसर पर मुख्यातिथि के रुप में भाजपा नेता अजय कांत जांगड़ा, समाजसेवी महेन्द्र सिंह जटासरा व आरती ठाकुर उपस्थित होंगे।

बीड़ बबरान धाम में 15 को महाकाल का विशेष श्रृंगार

हिसार। प्रसिद्ध बीड़ बबरान धाम में 15 फरवरी को महाशिवरात्रि की विशेष धूम रहेगी। इस अवसर पर महादेव के महाकाल स्वरूप का विशेष श्रृंगार किया जाएगा और प्रातः 11.15 रुद्राभिषेक किया जाएगा। इस अदभुत व अलौकिक दृश्य को देखने व अपने इष्ट की आराधना करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ों श्रद्धालु बीड़ बबरान धाम पहुंचेंगे। यह जानकारी बीड़ बबरान धाम के निज पुजारी विनय शर्मा ने दी।

गुरु दक्ष आईटीआई में रोजगार मेला आज

हिसार। आर्यनगर स्थित गुरु दक्ष आईटीआई के मुख्य सभागार में 13 फरवरी को सुबह रोजगार मेले में मोटरबाइक निर्माता कंपनी हीरो मोटोकॉर्प राजस्थान भाग लेने आएगी। इसमें आई टी आई संबंधित सभी तकनीकी ट्रेडों के पासआउट छात्र-छात्राओं को नौकरी/ जॉब व अप्रैंटीशिप के अवसर मुहैया करवाए जा रहे हैं।

हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स के प्रणाम पत्र वितरित

हिसार। गांव जाखोद खेड़ा में ब्लूमिंग चाइल्ड वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हिंदुस्तान स्काउट्स एवं गाइड्स के प्रणाम पत्र वितरण समारोह किया गया। इस मौके पर राज्य प्रशिक्षक नरेश कुमार कुमार ने विद्यालय प्रबंधक सुरेंद्र पाल, गाइड्स कैप्टन सुमनमान, फिजिकल अध्यापक संजय कुमार व अन्य अध्यापकों के साथ स्काउट्स एवं गाइड्स की विभिन्न गतिविधियों मे शामिल रहे। बहुत से विद्यार्थियों ने अलग अलग गतिविधियों मे अच्छा प्रदर्शन किया और उन्हें मेडल देकर सम्मानित किया। नरेश कुमार ने विद्यार्थियों को स्काउटिंग प्रमाणपत्र के महत्व पर प्रकाश डाला।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

शहीद राव तुलाराम की जगह अरुट जी के नाम से द्वार बनाना वजह

हांसी में दिल्ली रोड पर स्वागत द्वार बनने से पहले विवादों में

जिला पार्षद ने लगाए 9 गांवों की अनदेखी के आरोप, कहा- जरूरत पड़ने पर वे जनता के साथ मिलकर आंदोलन करने से गुरेज नहीं करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

राष्ट्रीय राजमार्ग आईटीआई के समीप शहीद राव तुलाराम के नाम पर प्रस्तावित स्वागत द्वार के स्थान पर नगर परिषद द्वारा अरुट जी महाराज स्वागत द्वार बनाने के प्रस्ताव को लेकर विवाद शुरू हो गया है। हिसार के वार्ड नंबर 25 के जिला परिषद सदस्य यादवेंद्र यादव ने इस प्रस्ताव पर कड़ा विरोध जताते हुए इसे स्थानीय लोगों की भावनाओं की अनदेखी करार दिया है। जिला पार्षद यादवेंद्र यादव ने कहा कि जिस स्थान पर वर्षों पहले से शहीद राव तुलाराम के नाम से स्वागत द्वार बनाने की मांग की जा रही है, वहां नया नाम देकर द्वार बनाना सही नहीं है। उन्होंने कहा कि शहीद राव तुलाराम से इस क्षेत्र के लोगों की आस्था जुड़ी हुई है। ऐसे में बिना आम सहमति के किसी अन्य नाम से द्वार का निर्माण करना ठीक नहीं है।

शहर के संतुलित विकास के लिए हो काम

यादवेंद्र ने आरोप लगाया कि सरकार और प्रशासन हांसी के विकास में योगदान देने वाले 9 गांवों की अनदेखी कर रहे हैं। यादवेंद्र यादव के अनुसार, हांसी के विकास और विस्तार के लिए सबसे अधिक भूमि इन्हीं 9 गांवों के लोगों ने प्रदान की है, लेकिन आज उन्हें इस सम्मान से वंचित रखा जा रहा है। जिला परिषद सदस्य यादवेंद्र यादव ने स्पष्ट किया कि उनका विरोध किसी राजनीतिक दल या व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं है। बल्कि क्षेत्र की जनता की भावनाओं और उनके सम्मान को लेकर है। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा राजनीति से ऊपर है और सभी दलों तथा जनप्रतिनिधियों को शहर के संतुलित विकास के लिए मिलकर काम करना चाहिए।

प्रस्ताव पर दोबारा विचार करने का मांग

जिला पार्षद यादवेंद्र यादव ने नगर परिषद प्रशासन से इस प्रस्ताव पर तुरंत दोबारा विचार करने की मांग करते हुए कहा कि स्वागत के निर्माण में स्थानीय लोगों की राय लेने के बाद ही कोई अंतिम निर्णय लिया जाए। उन्होंने नप प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि जरूरत पड़ने पर वह जनता के साथ मिलकर आंदोलन करने से गुरेज नहीं करेंगे।

पांच कॉलोनियों में हटाए कब्जे

■ डीटीपी विभाग का अतिक्रमण के खिलाफ अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जिला नगर योजनाकर विभाग की टीम ने शहर में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस भी मौके पर मौजूद रही। जिला नगर योजनाकार विभाग के अनुसार गुरुवार को पांच अवैध कॉलोनियों पर पीला पंजा चलाया गया। इन कॉलोनियों में राधिका धाम, मिलन मार्केट, श्री लक्ष्मी नगर, भासी कॉम्पलैक्स और जय श्री कृष्ण एक्सटेंशन की इंटरलॉकिंग और कच्ची सड़क नेटवर्क, प्रीकास्ट सीमेंट की चारदीवारी और डीपीसी को ध्वस्त कर दिया गया।

हिसार। अवैध कॉलोनियों में तोड़फोड़ करते जेसीबी। *फोटो : हरिभूमि*

अनधिकृत कॉलोनियों में न खरीदें जमीन

अभियान के दौरान डीटीपी हिसार दिनेश सिंह, ड्यूटी मजिस्ट्रेट पंकज खुराना और डीटीपी कार्यालय की टीम उपस्थित रही। डीटीपी ने आम जनता को अनधिकृत कॉलोनियों में भूखंड न खरीदने और न ही उनमें निर्माण कार्य करने की सलाह दी है।

पकड़े गए नशीले पदार्थों का एडीजीपी ने किया निरीक्षण

हांसी। एडीजीपी हिसार कृष्ण कुमार राव ने गुरुवार को हिसार मंडल के अन्तर्गत आने वाले पुलिस जिला हांसी द्वारा एनडीपीएस एक्ट के तहत कब्जा में लिए गए मादक पदार्थों का कोर्ट परिसर में बने मालखाना में पहुंचकर फिजिकल निरीक्षण किया। तथा इस संदर्भ में पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एनडीपीएस प्रकरणों में जब्त किए गए माल का वजन, उसकी सुरक्षा, रख-रखाव एवं अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने निर्देश दिए कि जब्तशुदा सामग्री का संरक्षण निर्धारित नियमों एवं कानूनी प्रावधानों के अनुरूप सुनिश्चित किया जाए तथा रिकॉर्ड अद्यतन रखा जाए। इस अवसर पर हांसी पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन, जींद पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह, डीएसपी संजय कुमार, डीएसपी सिद्धार्थ आदि मौजूद रहे।



कोर्ट परिसर स्थित मालखाना में रखे नशीले पदार्थों की जांच करते एडीजीपी केके राव।

मूट कोर्ट स्पर्धाएं छात्रों के आत्मविश्वास को बढ़ाने में बनेंगी मील का पत्थर : डॉ. गोयल

■ ओएसजीयू में 'इंट्रा मूट कोर्ट' प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज विभाग द्वारा दो दिवसीय 'इंट्रा मूट कोर्ट प्रतियोगिता 2026' का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. पुनीत गोयल और प्रति कुलाधिपति डॉ. पूनम गोयल ने अपने संदेश में कहा कि मूट कोर्ट प्रतियोगिताएं छात्रों के आत्मविश्वास और तर्क क्षमता को बढ़ाने के लिए मील का पत्थर साबित होती हैं।

विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एन.पी. कौशिक, प्रति-कुलपति डॉ. राजेंद्र सिंह छिल्लर और विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि प्रतियोगिताओं से छात्रों को विभिन्न कानूनों, धाराओं और पुराने फैसलों को खोजने और उन्हें सही संदर्भ में उपयोग करने के लिए प्रेरणा मिलेगी। प्रतियोगिता में 12 टीम बनाई गई जिसमें से 6 टीम फाइनल राउंड के लिए चयनित कि गई। प्रतियोगिता में जज की महत्वपूर्ण भूमिका विश्वविद्यालय के डिप्टी डायरेक्टर एडवोकेट नीरज तनेजा एवं एडवोकेट अभिषेक ने निभाई।

हिसार। विजेताओं को सम्मानित करते अतिथिगण। *फोटो : हरिभूमि*

अनमोल, कोमल व तनीषा की टीम प्रथम उपविजेता

लॉ विभाग की डीन डॉ. नीलम सिहाग ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम उपविजेता अनमोल, कोमल और तनीषा की टीम, सर्वश्रेष्ठ वक्ता प्रथम इशू, शुभम, और ध्रुव की टीम व सर्वश्रेष्ठ वक्ता में प्रथम कोमल, द्वितीय विशेष, सर्वश्रेष्ठ मेमोरियल में तनीषा, सर्वश्रेष्ठ शोधकर्ता में आभा ने अपना नाम दर्ज करवाया।

गुरु गोरखनाथ गवर्नमेंट कॉलेज में 7 दिवसीय शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व, नेतृत्व क्षमता, राष्ट्रीय एकता एवं अनुशासन की भावना का विकास करना है। यह बात स्टेट एनएसएस ऑफिसर डॉ. दिनेश कुमार ने गुरु गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय में आयोजित सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर के दौरान स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि विद्यालय और महाविद्यालय स्तर पर ही विद्यार्थियों में राष्ट्रसेवा का भाव जागृत किया जा सकता है। एनएसएस इस दिशा में एक सशक्त माध्यम है, जो युवाओं को समाज से जोड़ते हुए उनमें सेवा, संवेदना और समर्पण की भावना विकसित करता है।

एनएसएस के माध्यम से विद्यार्थियों में विकसित होता है देशसेवा का भाव

हिसार। स्वयंसेवकों को सम्मानित करते स्टेट एनएसएस ऑफिसर डॉ. दिनेश कुमार।

एचआईवी पर दिया व्याख्यान

शिविर में आगमन पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों प्रो. कुमारी सरोज, प्रो. सुनील कुमार, प्रो. राजेन्द्र प्रसाद एवं प्रो. सुमन ने डॉ. दिनेश कुमार का स्वागत किया। प्रथम सत्र में सिविल अस्पताल, हिसार से आए डॉ. सुदामा बौद्ध ने एचआईवी एवं एड्स विषय पर जागरूकता व्याख्यान दिया। सायंकालीन सत्र में एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिनमें देशभक्ति, सामाजिक एकता और नैतिक मूल्यों का सुंदर संदेश निहित था।

यातायात निमयों के प्रति किया जागरूक

हिसार। राजकीय महिला महाविद्यालय में आयोजित एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस पर सामाजिक जागरूकता एवं सांस्कृतिक विकास से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन बीबीए प्रथम वर्ष की छात्रा खुशबू ने किया। एनएसएस प्रभारी हीना ने बताया कि प्रातः सत्र में यातायात नियमों पर सहायक उप निरीक्षक कमल ने जागरूकता व्याख्यान आयोजित किया गया, जिसमें स्वयंसेविकाओं को सड़क सुरक्षा, ट्रैफिक संकेतों के पालन, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग तथा सुरक्षित वाहन संचालन के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। दूसरे सत्र में जिला संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी बबीता चौधरी ने घरेलू हिंसा पर अपना व्याख्यान दिया।

हांसी। श्री कृष्णा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों को सम्मानित करते बार एसोसिएशन के प्रधान पवन रापड़िया व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

श्री कृष्णा प्रणामी स्कूल के विद्यार्थियों को बार एसोसिएशन ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

■ विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करना और उन्हें राष्ट्रीय कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित करना था उद्देश्य

जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पवन रापड़िया ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत अनुशासन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और देशभक्ति भावना की सराहना की।

बार एसोसिएशन द्वारा विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों एवं विद्यालय को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस सम्मान का उद्देश्य विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करना तथा उन्हें राष्ट्रीय कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित करना था। बार एसोसिएशन के सदस्यों ने विद्यालय के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह संस्थान देश के लिए जिम्मेदार और जागरूक नागरिक तैयार कर रहा है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने कहा कि इस प्रकार का सम्मान विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाता है और उन्हें भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करता है।

मार्केट न्यूज

तनिष्क शोरूम में स्टडेड ज्वेलरी पर विशेष ऑफर वैलेंटाइन स्पेशल गिफ्टिंग कलेक्शन लॉन्च

हिसार। शहर के प्रतिष्ठित आभूषण ब्रांड तनिष्क के शोरूम में इन दिनों स्टडेड ज्वेलरी पर आकर्षक ऑफर की शुरुआत की गई है। वैलेंटाइन डे के अवसर पर एक विशेष गिफ्टिंग कलेक्शन भी लॉन्च किया गया है, जिसने ग्राहकों में उत्साह का माहौल बना दिया है। शोरूम में उपलब्ध इस खास कलेक्शन में डायमंड रिंग, पेंडेंट, ईयररिंग्स, ब्रेसलेट और कपल ज्वेलरी की नवीनतम एवं ट्रेंडी डिजाइनों को शामिल किया गया है। यह कलेक्शन पारंपरिक सुंदरता और आधुनिक स्टाइल का बेहतरीन संगम प्रस्तुत करता है। इस अवसर पर ग्राहकों के लिए हीरे के आभूषणों पर विशेष छूट की भी घोषणा की गई है। शोरूम प्रबंधन के अनुसार हीरे की कीमत (डायमंड वैल्यू) पर अधिकतम 20 प्रतिशत तक की सीधी छूट दी जा रही है, जिससे ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाले आभूषण आकर्षक दरों पर उपलब्ध हो रहे हैं। शोरूम प्रबंधन ने बताया कि उनका उद्देश्य ग्राहकों को शुद्धता, गुणवत्ता और विश्वास के साथ उत्कृष्ट डिजाइनों का अनुभव कराना है। वैलेंटाइन सीजन को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया यह कलेक्शन खास पलों को और भी यादगार बनाने में सहायक होगा। सीमित समय के लिए उपलब्ध इस विशेष ऑफर का लाभ उठाने के लिए बड़ी संख्या में ग्राहक शोरूम पहुंच रहे हैं। वैलेंटाइन सीजन के चलते बाजार में भी रौनक देखने को मिल रही है। अधिक जानकारी के लिए ग्राहक नजदीकी तनिष्क शोरूम से संपर्क कर सकते हैं।

टैलेंट सर्च में प्रस्तुतियों से बांधा समां

■ लुवास में प्रतिभा खोज कार्यक्रम 'परिकल्प–2025' का आयोजन

■ विवि विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण आधार : प्रो. वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

लाला लाजपत राय पशु-चिकित्सा एवं पशु-विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास), में बीवीएससी एवं एएच प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के स्वागत के लिए द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभा खोज कार्यक्रम 'परिकल्प–2025' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने विभिन्न रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास पूर्ण एवं रोचक शैली में अपना परिचय देकर कार्यक्रम में समा बांध दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को बधाई दी। विद्यार्थियों ने कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा को उनकी पेंसिल स्केच से तैयार की गई एक आकर्षक एवं कलात्मक फोटो फ्रेम भेंट की गई। इस अवसर पर पशु चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. मनोज रोज ने कार्यक्रमों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम में प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने माइम, लघु नाटिका, गीत, नृत्य, चुटकुले, शायरी, राजस्थानी नृत्य एवं भांगड़ा जैसी प्रस्तुतियों से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

हिसार। कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

सांस्कृतिक व साहित्यिक क्लब ने किया संचालन

कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन सांस्कृतिक एवं साहित्यिक क्लब, लुवास द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. तरुण गुप्ता, डॉ. दिव्या अग्निहोत्री, डॉ. विशाल, डॉ. मानसिंह, डॉ. दीपिका एवं डॉ. स्नेहलता के मार्गदर्शन में चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थी अमन कलकल एवं अन्य विद्यार्थियों द्वारा प्रभावशाली ढंग से किया गया। कार्यक्रम में विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. गौतम, छात्र कल्याण निदेशक एवं एस्टेट ऑफिसर डॉ. संदीप गुप्ता, आई.वी.पी.एस. निदेशक डॉ. पवन कुमार, मानव संसाधन एवं प्रबंधन निदेशिका डॉ. सोनिया सिंधु, विकास खरब एवं कर्नल विनीत आदि थे।

प्रदर्शनी | हकृवि के कृषि विज्ञान केन्द्र, सदलपुर में तकनीकी व मशीनरी मेला

आधुनिक कृषि में उन्नत तकनीक और कृषि मशीनरी की भूमिका महत्वपूर्णः प्रो. काम्बोज

■ किसानों को नई सोच, नई दिशा व संभावनाओं से जोड़ने का मंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के फार्म मशीनरी एवं पावर इंजीनियरिंग विभाग व केवीके की ओर से अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के तहत केवीके, सदलपुर में तकनीकी एवं प्रदर्शनी मेला आयोजित किया गया। मेले का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने किया। कुलपति प्रो. कम्बोज ने इस अवसर पर यह मेला केवल मशीनों का प्रदर्शन नहीं, बल्कि किसानों को नई सोच, नई दिशा और नई संभावनाओं से जोडऩे का एक महत्वपूर्ण मंच है। आधुनिक कृषि में उन्नत तकनीक और कृषि मशीनरी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। मशीनीकरण केवल मशीनों का उपयोग नहीं, बल्कि यह समय की बचत, श्रम की कमी का समाधान, लागत में कमी और उत्पादन में वृद्धि का प्रभावी माध्यम भी है। ऐसी प्रदर्शनी किसानों, शोधार्थियों और कृषि विशेषज्ञों को नवीनतम उपकरणों एवं तकनीकों की जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ कृषि उत्पादकता को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध होती हैं।

हिसार। विद्यार्थियों, महिलाओं एवं किसानों को सम्मानित करते वीसी प्रो. बीआर काम्बोज।

यह रहे उपस्थित

मेले में अनुसंधान निदेशक एवं कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजबीर गर्ग, मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक एवं विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. रमेश कुमार यादव, डॉ. अनिल कुमार सरोहा, डॉ. नरेन्द्र कुमार, डॉ. संदीप आर्य, डॉ. गजराज दहिया, डॉ. ओपी बिश्नोई, डॉ. दिनेश तोमर, डॉ. दलीप, डॉ. कुलदीप सिंह व डॉ स्वप्निल चौधरी थे।

किसान-विद्यार्थी सम्मानित

मेले में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सही जवाब देने वाले रविंद्र, अनिल, हवा सिंह, राजेंद्र तथा चिरंजी लाल किसान को सम्मानित किया। कुलपति ने क्षेत्र के 15 प्रगतिशील किसानों को भी सम्मानित किया।

नशा मुक्त युवा ही आत्मनिर्भर भारत की नींव : प्रो. बिश्नोई

हिसार। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में 'नशा मुक्त युवा, विकसित भारत' विषय पर प्रभावशाली नशा मुक्ति जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने इस अवसर पर कहा कि विकसित भारत का निर्माण नशा मुक्त, संस्कार युक्त और आत्मनिर्भर युवा शक्ति के बिना संभव नहीं है। नशा मुक्त युवा ही आत्मनिर्भर भारत की नींव हैं और आत्मनिर्भर युवा ही विकसित भारत का स्वप्न साकार कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि नशा केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य का नहीं, बल्कि सामाजिक और राष्ट्रीय उन्नति का भी गंभीर प्रश्न है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. महावीर प्रसाद ने बताया कि रैली का संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई-5 की ओर से किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के लगभग 200 विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। इस अवसर पर डीन इंटरनेशनल अफेयर्स प्रो. ओमप्रकाश सांगवान, प्रो. विमल झा, संयोजक डॉ. रामस्वरूप, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुनीता, डॉ. विनिता, डॉ. विकास जांगड़ा, डॉ. सुमित शर्मा, डॉ. समृद्धि, डॉ. खुशबू सेठी, डॉ. शिवानी यादव व दलबीर सिंह सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक थे।